सं प्रशा /1025/ हि.क./ हि.पखवाड़ा / 2020

र. ले. प्र. नि. (म. क), लखनऊ

दिनांक 14 अगस्त, 2020

आवश्यक परिपत्र

विषयः हिंदी दिवस/हिंदी पखवाड़े का आयोजनः वर्ष 2020

भारत सरकार, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय (वित्त) एवं महानियंत्रक कार्यालय, दिल्ली के दिशा-निर्देशों के अन्तर्गत कार्यालय में हिन्दी के अधिकाधिक प्रयोग को प्रोत्साहित करने हेतु दिनांक 01 सितम्बर 2020 से 14 सितम्बर 2020 की अवधि में हिन्दी पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस दौरान मुख्य कार्यालय में निम्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगाः-

क्रम संख्या	प्रतियोगिता का नाम	विषय	आयोजन की तिथि एवं समय	प्रतियोगिता स्थल
1.	हिन्दी निबंध लेखन प्रतियोगिता	आत्मनिर्भर भारत	01.09.2020 (अपराह्न 03.30 बजे)	प्रशिक्षण कक्ष (संगठन एवं पद्धति, मुख्य कार्यालय, ल0)
2.	भाषण प्रतियोगिता	जन संचार क्रांति से हमारी पठन-पाठन की अभिरूचि का ह्रास हुआ है।	02.09.2020 (अपराह्न 03.30 बजे)	सभागार (मुख्य कार्यालय, लखनऊ)

प्रतियोगिता के विजेताओं को कार्यालय के सभागार में दिनांक 14.09.2020 (हिन्दी दिवस) को पुरस्कृत किया जाएगा। प्रथम पुरस्कार रू 2000/-, द्वितीय रू 1500/- एवं तृतीय रू 1000/- निर्धारित किया गया है। ये पुरस्कार नगद धनराशि के रूप में दिए जाएंगे।

मुख्य कार्यालय एवं लखनऊ स्थित अधीनस्थ कार्यालयों ***(वेतन लेखा कार्यालय(अ.श्रे.) सै.चि.द. लखनऊ एवं वेतन लेखा कार्यालय (अ.श्रे.)11 जी.आर. आर. सी., लखनऊ को छोड़कर)*** के अधिकारी/कर्मचारी उपरोक्त प्रतियोगिताओं में सम्मिलित हो सकते हैं। पुरस्कार हेतु गठित निर्णायक समिति का निर्णय अन्तिम व सर्वमान्य होगा। विशेष परिस्थिति में प्रतियोगिता स्थल में परिवर्तन किया जा सकता है।

मुख्य कार्यालय के सभी अनुभागों एवं लखनऊ स्थित अधीनस्थ कार्यालयों *(वेतन लेखा कार्यालय(अ.श्रे.) सै.चि.द. लखनऊ एवं वेतन लेखा कार्यालय (अ.श्रे.)11 जी.आर. आर. सी., लखनऊ को छोड़कर)* के प्रभारी अधिकारियों से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु अधिक से अधिक प्रतिभागियों के नामों की सूची (मोबाइल नं0 सहित) हिन्दी कक्ष, मुख्य कार्यालय लखनऊ में दिनांक 28.08.2020 तक अवश्य भिजवा दें।

यह भी अनुरोध है कि इस दौरान कार्यालय का सारा कार्य स्वयं हिन्दी में निष्पादित करें और अधीनस्थ कर्मचारियों से भी करवाएं।

वरिष्ठ लेखा अधिकारी (रा.भा.)

सेवा में

1. समस्त समूह अधिकारी
2. प्रभारी अधिकारी, मुख्य कार्यालय के समस्त अनुभाग
3. संबंधीत अधीनस्थ कार्यालय, लखनऊ।
4. स्वचलन कक्ष (स्थानीय) ... कार्यालय की बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।

डाटा/पखवाड़ा/हिंदी पखवाड़ा 2016-17